कृषि महाविद्यालय में जल दिवस संपन्न

दिनांक–22 मार्च 2021 को जल दिवस मनाये जाने के उपलक्ष्य में कृषि महाविद्यालय, ग्वालियर की टीम में कार्यक्रम अधिकारी डॉ. शोभना गुप्ता, डॉ. एस.जी. तेलंग, डॉ. प्रशांत शर्मा ने ग्राम कुअरपुर में मनाया गया।

विश्व जल दिवस के अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री एस.एन. भदौरिया रिटा. जल प्रबंधक, जल प्रबंधन विभाग ने कुअरपुर ग्राम के किसानों को जल के महत्व में बताया कि किस प्रकार इसका तकनीकी तौर पर संरक्षण किया जा सके। जल को लेकर होने वाली गंभीर संकट से लोगों को अवगत कराया गया। श्री भदौरिया जी ने जल विशेषज्ञ के रूप में कई सारे सरल उपाय बताए जिससे हम इस जल संकट से उभर सके।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कृषि महाविद्यालय, ग्वालियर की अधिष्ठाता डॉ. रीति सिंह ने भी लोगों को विश्व जल दिवस के अवसर पर जल संकट से अवगत कराया तथा जल की उपयोगिता के बारे में बताया तथा जल की उपयोगिता एवं महत्व बताया। पानी की मितव्यता तथा उपयोग किफायत से करना बताया। जल संरक्षण के उपायों के बारे में चर्चा की। उन्होंने किसान भाईयो से ऐसी फसलों को लेने के लिए प्रेरित किया जिनमें कम पानी की आवश्यकता होती है और इस कार्यक्रम में लगभग सौ किसान भाईयों और बहनों और युवा उपस्थित थे।

आज के कार्यक्रम का मंच संचालन महाविद्यालय की बी.एस.सी. (कृषि) की छात्राएं मोना शर्मा एवं भारतीय रापजूत ने किया।

अंत में डॉ. शोभना गुप्ता ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

<u>World Water Day 22.03.2021 @ CoA, Gwalior</u>